WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# दैनिक मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 333 मेरठ, सोमवार 21 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........

## यूपी के लिये कोरोना की नई गाइडलाइंस हुई जारी

- 21 जून से बाजार सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुलेंगे,
- अभी शनिवार व रविवार की जारी रहेगी साप्ताहिक बंदी,
- शिक्षण संस्थाएं बंद रहेंगी ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी।
- होटल व रेस्टोरेंट एव मिठाई की दुकानों पर 50 पर्सेंट के साथ लोग बैठ सकेंगे,
- मास्क ना पहने पर जुर्माना जारी रहेगा,
- शादी समारोह में 50 लोग ही होंगे शामिल,
- सिनेमा हॉल जिम स्विमिंग पूल अभी नहीं खुल सकेंगे।

# हस्तिनापुर में फसल हुई जलमगन, लगातार बढ़ रहे पानी से ग्रामीणों में डर



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ से सटे हस्तिनापुर मेंह्नरविवार सुबह बिजनौर बैराज से छोड़े गए 4 लाख 25 हजार क्यूसेक पानी से खादर क्षेत्र के हालात लगातार नाजुक बनते जा रहे हैं। खादर क्षेत्र के फतेहपुर प्रेम गांव के आसपास तीन स्थानों ह्नपर गंगा का पानी कच्चे तटबंध को तहस-नहस कर बाहर निकल गया है। गंगा का जलस्तर लगातार जंगलह्नऔर आबादीह्नमें फैल रहा है।ह्न जानकारी के अनुसार खादर क्षेत्र के फतेहपुर प्रेम, हरिपुर, रठौरा कला, सिर्जोपुर, हसापुर, परसापुर, आदि गांव के चारों ओर पानी पहुंच चुका है। अब यह जल धीरे-धीरे गांव की ओर बढ़ रहा है। वहीं जंगल जलमग्न हैं, ह्नइन गांव के संपर्क मार्ग भी पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं और गांवों से संपर्क टूटने की संभावना जताई जा रही है। इसके चलते इन गांव के ग्रामीण पूरी तरह दहशत में हैं। क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात नजर आ रहे हैं। शासन-प्रशासन की कोई व्यवस्था यहां नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा, तो खादर क्षेत्र की बड़ी आबादी प्रभावित होगी। बाढ़ से निपटने के प्रशासन के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। यहां कोई नाव अथवा अन्य सुविधा क्षेत्र के लोगों को निकालने के लिए दी गई है। हालांकि थाना पुलिस क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की अपील कर रही है। लाउड स्पीकर पर लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा जा रहा है। एक तरफ गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, तो दूसरी तरफ तेज बारिश लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। खादर क्षेत्र में पिछले 24 घंटों से तेज बारिश का सिलसिला जारी है जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त है। शासन प्रशासन के अधिकारियों को बाढ़ जैसे हालात से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करने होंगे अन्यथा हालात और भी नाजुक हो सकते हैं। शनिवार कोह्नहरिद्वार से पानी छोड़ जाने पर खादर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसको लेकर एडीओ पंचायत व थाना पुलिस ने खादर ह्नक्षेत्र का जाएजा लिया और बढ़ते पानी के स्तर को देखते हुए किसानों से गंगा पर न जाने की अपील की। बाढ़ से सैकड़ों बीघा फसल जल मग्न हो चुकी है। वहीं ह्नगंगा घाट पर प्रशासनिक अधिकारी ह्नपैनी नजर रखे हुए हैं।ह्न रविवार सुबह बिजनौर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद खादर क्षेत्र में स्थित गंगा ह्नका जल स्तर काफी बढ़ गया, जिससे किसानों की सैकड़ों बीघा फसल धान व ईखह्नकी फसल डूब गई है। बाढ़ह्नसे किसानों की फसलह्ननष्ट होने से किसान परेशान हैं। ह्नखादर क्षेत्र में बाढ़ स्तर का जायजाह्नलेने के लिए एडीओ पंचायत बाबूराम नागर व थाना प्रभारी आनंद प्रकाश मिश्र मौके पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने गंगा के किनारें बसे गांवों के लोगों से गंगा में नहीं जाने व सावधनियां बरतने की अपील की है,ह्नक्योंकि गंगा में जल स्तर बढने की आंशका बनी हुई है,ह्न लेकिन किसान अपनी जान जोखिम में डालकर गंगा पार अपने खेतों पर जा रहे हैं। गंगा में जल स्तर बढने से किसानो की सांसे थमी हुई हैं। किसानों को अपनी फसल बबार्दह्नहोने की चिंता की लकीरें माथे पर हैं। तथा उनके सामने रोजी-रोटी का आर्थिक संकट भी पैदा हो गया है। एडीओ पंचायत बाबू राम नागर ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए ग्राम सिकंदरपुर में बाढ़ चौकी की साफ सफाई कराई गई है और लोगों को अलर्ट किया जा रहा है।ह्नह्नगंगा पर न जाएं,ह्नगंगा में पानी का जल स्तर बढने की संभावना है। ग्राम खरकाली, शिव नगर, काली नगर, झाब्बापुरी, मिर्र्जापुर, कुंडा ह्नआदि गांव गंगा किनारे बसे हुए है। अचानक गंगा ह्नका जल स्तर बढने से यह गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं।

## भाजपा पार्षद ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार आज हेमा पंत पार्षद,भाजपा नेता संदीप चौहान द्वारा दिया गया। गोद नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जय भीम नगर का निरीक्षण किया तथा जिसमें आंतरिक व्यवस्था पेंट, रंगाई, पुताई, फर्नीचर, उपकरण, पानी बिजली आदि की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई, तथा बाहरी व्यवस्था काफी खराब पाई गई. केंद्र के बाहर पानी भरा हुआ है, मच्छर पाए गए तथा नाली टूटी हुई तथा जगह-जगह पानी जमा पड़ा मिला। इन कमियो को सुधारने का प्रयास किया जाएगा।

## भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** टोल धरने पर सतीश इलमसिंह ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन मेरठ के धरने को धीरे धीरे एक माह होने वाला है पर सरकार सत्ता सुख की मदहोशी मे किसानो को नजरअंदाज कर रही है । देश के किसानो की ये अनदेखी ज्यादा दिनो तक टीक नही पायेगी, देश का किसान अपनी वोट की ताकत से इस सरकार को अर्श से फर्स तक का सफर कराकर एक मजबूत किसान हितैषी सरकार बनाने का काम करेगा । आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से महराज सिवाया, मोनू छुर्र, उज्जवल सरूरपुर, तेजपाल शादीपुर, धीर सिंह नंगला, सुशील कुमार पटेल, गौरव इलमसिंह, शाजेब पावली, आकाश



सिरोही, नादिर रिजवी, अमरूल अखतर, रवि एहलावत, आदि मौजूद रहे।

# जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने घोषित की सलाहकार समिति

### ❑ मेरठ दर्पण के संपादक अंकित गुप्ता भी सलाहकार समिति में नामित

**मेरठ दर्पण-दिल्ली।** पत्रकारों की समस्याओ को पुरजोर तरीके से उठाने बाले गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया ने आज अपनी सलाहकार समिति की घोषणा की। इस समिति में संगठन ने वरिष्ठ पत्रकारों को स्थान दिया। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शादाब आब्दी जी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने अन्य पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद एक सलाहकार कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया।जिसमे विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ पत्रकारों को शामिल किया गया। इस समिति मे डा0 ए के राय जी उत्तर प्रदेश वरिष्ठ पत्रकार- दैनिक स्वतंत्र जनमित्र, डा0 आर सी श्रीवास्तव जी उत्तर प्रदेश संपादक- दैनिक यूनिवर्स टाइम, श्री अंकित गुप्ता जी उत्तर प्रदेश संपादक- दैनिक मेरठ दर्पण, श्री नीरज राज सक्सेना जी उत्तर प्रदेश संपादक- दैनिक राय मोर्चा, श्री नसीर अली जीउत्तर प्रदेश कार्यकारी संपादक- दैनिक परिधि, श्री अखलाक अहमद जी उत्तर प्रदेश संपादक- बेबाक भारत टुडे, श्री लोकेश दत्त मेहता जी हरियाणा संपादक- उभरता हरियाणा, श्री राजू चारण जी राजस्थान वरिष्ठ पत्रकार- जलते दीप,तरूण मित्र,




श्री हरी शंकर पाराशर जी मध्य प्रदेश वरिष्ठ पत्रकार- दैनिक राष्ट्रीय जजमेंट, श्री अशोक कुमार झा जी झारखंड पीएसए लाइव न्यूज, श्री सतपाल सोनी जी पंजाब संपादक-चढ़त पंजाब दी,राजकुमारी जी पंजाब संपादक-कानूनी राहें व विशाल शर्मा जी पंजाब संपादक- विशाल केसरी जी को स्थान दिया गया। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंड़िया संगठन ने अपनी इस कमेटी से आशा की है कि वह पत्रकारों की समस्याओ व उनके निस्तारण के लिए अपने सुझावों से हमेशा संगठन को अवगत कराती रहेगी और सभी पत्रकारों के साथ बिना भेदभाव कंधे से कंधा मिलाकर चलती रहेगी। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने कहा कि जल्द ही इस समिति मे अन्य राज्यों के वरिष्ठ पत्रकारों को भी स्थान दिया जायेगा।जिससे विभिन्न राज्यों के पत्रकारों की समस्याओ की भी जानकारी समय समय पर मिलती है और संगठन द्वारा उनके निराकरण का प्रयास किया जा सके।उन्होने बताया कि अभी तक संगठन से किसी न किसी माध्यम से 20 राज्यों के पत्रकार साथी जुड़ चुके है।संगठन का लक्ष्य सभी पत्रकारों को एकजुट करना है।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजी त की प्रदेश स्तरीय एक बैठक आज गूगल मीट पर संपन्न हुई ।जिसमें व्यापारियों ने लाकडाउन के बाद लागू 2 दिवसीय साप्ताहिक बंदी को अव्यवहारिक बताते हुए उसे खत्म करने की मांग की। व्यापारी नेताओं ने कहा कि बाजार की व्यवहारिक दिक्कत यह है कि वीकेंड पर ग्राहक बाजार के लिए निकलता है और तब बाजार बंद मिलता है। चाहे वह सरकारी कर्मचारी हो अथवा निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी, सामान्यत: शनिवार और रविवार यह 2 दिन ऐसे होते हैं जो परिवार के साथ खरीदारी करने बाजार में जाते हैं। ऐसे में तब बाजार बंद मिलता है तब उन्हें तो निराशा होती ही है, व्यापार का भी लगातार घाटा होता है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि आज व्यापार को ऑक्सीजन की जरूरत है व्यापार न चलने कारण आज उसका आक्सीजन लेवल लगातार गिरता जा रहा है। उसे ऊपर उठाने के लिए बाजारों की पुरानी साप्ताहिक बंदी के




अलावा सभी दिन खोले जाएं। उन्होंने कहा कि जब रेस्टोरेंट व पार्क खुल सकते हैं तो विवाह मंडप क्यों नहीं। विवाह मंडप से केवल उसके मालिकों की ही नहीं अपितु वहां अनेक प्रकार के काम करने वाले सैकड़ों गरीब घरों की जीविका जुड़ी होती है। विवाह मंडप बंद है इसलिए फूल वाले, सजावट वाले, वेटर, हलवाई सब परेशान हैं। काम न मिलने के चलते यह सब आज भुखमरी के कगार पर हैं। बिजली विभाग द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न के मुद्दे पर बोलते हुए लोकेश अग्रवाल ने कहा कि पिछले 2 महीने से बाजार बंद होने चलते बिजली के बिल जमा नहीं हुए। जैसे लाकडाउन खुलना शुरू हुआ विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने व्यापारियों व उद्यमियों का उत्पीड़न शुरू कर दिया। लोकेश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार से मांग की बिजली के बिल जमा ना होने के चलते अगले 2 महीने तक कोई कनेक्शन ना काटा जाए। साथ ही जिन के बड़े बिल हैं उनको विद्युत सप्लाई कोड 2005 के अंतर्गत किस्तों में भुगतान करने की छूट दी जाए। बैंको द्वारा किये जा रहे प्रताड़ना के मुद्दे पर व्यापार मंडल ने वर्ष 2020 तथा 2021 में व्यापारियों के बैंक खाते में जोड़े गए ब्याज को वापस कराने तथा व्यापारियों के सभी प्रकार की बैंको की किस्त जमा कराने के लिए 31 दिसंबर 2021 तक का समय बढ़ाये जाने की मांग की। श्री लोकेश अग्रवाल ने केंद्र सरकार से मांग की बैंकों द्वारा व्यापारियों से की जा रही वसूली कार्रवाई 31 मार्च 2022 तक स्थगित की जाय। उन्होंने मांग की कि व्यापारियों के सभी प्रकार के लोन अकाउंट 31 मार्च 2022 तक एनद्गपीद्गएद्ग ना किए जाये और व्यापारियों को उनके टर्नओवर के आधार पर 20 प्रतिशत अनुदान राशि प्रदान की जाए जिससे वह अपना कारोबार पुन: स्थापित कर सकें तथा देनदारी का भुगतान कर सके। आज की बैठक में रजनीश अग्रवाल बिजनौर, मनोज अग्रवाल सुल्तानपुर, मनोज अग्रवाल औरंगाबाद, निमेष अग्रवाल बुलंदशहर, प्रदीप गंगा अलीगढ़, राधेश्याम अग्रवाल हाथरस, नवनीतशोन्टू बदांयू, मुनव्वर खान फिरोजाबाद, आलोक बंसल मथुरा, जफर शमशी पीलीभीत, अरविंद कुमार जौनपुर, संजय गहरवार मिर्जापुर, धर्मेंद्र गुप्ता लखनऊ, नरेश गोयल सहारनपुर, दीपक कुमार देवबंद, आशीष सिंहल बहसुमा, नीरज जैन मुजफ्फरनगर , अभिषेक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# योग के वैज्ञानिक फायदों को समझने की आवश्यकता: पदम योगा आचार्य नौफ मारवाई

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर के चौथे दिन मुख्य वक्ता प्रख्यात योगाचार्य पदम श्री नौफ मारवाई ने योग से होने वाले वैज्ञानिक फायदों के बारे में विस्तृत रूप से बताया ।योग शिविर के चौथे दिन की शुरुआत करते हुए सेंटर फॉर योगा एंड रिसर्च की निदेशक मनोचिकित्सक प्रो डॉ पूनम देवदत्त ने मुख्य वक्ता योगा आचार्य नौफ मारवाई का परिचय देते हुए बताया की नौफ मारवाई ने सऊदी अरब में रहते हुए योगा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने योगा को सऊदी अरब में स्पोर्ट्स के रूप में स्थापित किया है। योगा आचार्य नौफ मारवाई को भारत सरकार द्वारा पदम श्री से नवाजा गया है। केरला सरकार द्वारा योग रतन अवार्ड एवं वुमन एंपावरमेंट अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। योग शिविर की शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति




कुंवर शेखर विजेंद्र ने नौफ मारवाई की प्रशंसा करते हुए बताया की पुरातन काल से महिलाओं को सबसे अधिक शक्तिशाली, प्रेरक एवं निर्माता के रूप में देखा गया है उन्होंने योग के बारे में बताया कि योग केवल रोगों से लड़ने के लिए नहीं है योग एक माध्यम है जीवन को जीने का। शिविर में मुख्य वक्ता नौफ मारवाई ने योग के वैज्ञानिक फायदो के बारे में कहा कि जैसा कि हम सब जानते हैं कि अभी पूरा विश्व कोरोना महामारी से गुजर रहा है ऐसे वक्त में हमारे नर्वस सिस्टम एवं हमारी मनोवैज्ञानिक दशा स्थिर नहीं है। ऐसे वक्त में योग ही केवल एक मात्र माध्यम है जिसकी सहायता से हम इस विषम परिस्थिति में अपने नर्वस सिस्टम एवं मानसिक स्थिति को संतुलित बनाए रख सकते हैं। उन्होंने हमारे मस्तिष्क में बनने वाले रसायन के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि हमारे मस्तिष्क में खुश रहने जैसे हार्मोन बनते हैं ऐसे हारमोंस के रसायन को बनाने के लिए योग बहुत कारगर है। उन्होंने बताया कि अगर हम नियमित रूप से योग करेंगे तो हमारी क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर होगी। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा सेलिब्रेटिंग लाइफ विद योगा विषय पर आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में बड़ा बदलाव लेकर आएंगे।

# बासित के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने बांटे लड्डू

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कुंवर बासित अली के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भारतीय उद्योग विकास व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा नेता काजी शादाब की ओर से जली कोठी चौराहे पर लोगों को लड्डु बांटकर खुशी का इजहार किया गया। प्रदेश नेतृत्व ने बासित अली को मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जो भरोसा जताया है, उस पर बासित अली खरे उतरेंगे। 2022 विधानसभा चुनाव में जीत के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कुंवर बासित अली के नेतृत्व



में अपनी जी जान लगा देगा। इस मौके पर अफजाल कुरेशी, मुख्तियार अली गुड्डु, नईम अहमद, रिंकू कुमार, हाजी रईस, ताज गाजी, शकील सैफी आदि मौजूद रहें।

# अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा में किया कार्यकारिणी का विस्तार

**मेरठ (एमटी न्यूज)।** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा पंजी मुल्तान नगर मण्डल की एक बैठक चन्द्रलोक कॉलोनी बागपत रोड, मेरठ में हई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विकास अग्रवाल क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिम उद्गप्र भाजपा रहे व राष्ट्रीय अध यक्ष नवनीत गुप्ता, जिलाध्यक्ष हापुड़ गौरव गोयल, युवा समाजसेवी एडवोकेट नीतीश गोयल रहे एवं कार्यक्रम का संचालन सौरव अग्रवाल क्षेत्रीय संयोजक पउप्र आईटी विभाग ने किया व मुल्तान नगर नवीन कार्यकारिणी घोषित की गयी जिसमे संगठन के विस्तार की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए वैश्य समाज के उत्थान एवं विकास में अत्यधिक लग्न एवं निष्ठा को देखते हुए मनोज गुप्ता को मण्डल का अध्यक्ष बनाया गया व सचिन गुप्ता




को महामंत्री, सुमित बंसल को महामंत्री, प्रज्वल गुप्ता को उपाध्यक्ष, रोहित गोयल को उपाध्यक्ष, विशाल सिंघल को उपाध्यक्ष, तुषार बंसल को मंत्री, ऋषभ सिंघल को मंत्री, शुभम अग्रवाल को मंत्री, वंश गुप्ता को मंत्री व हिमांशु गुप्ता को मंत्री बनाया गया सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को डॉ विकास अग्रवाल व नवनीत गुप्ता ने सभी को नियुक्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

# फादर्स डे पर ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वैश्य समाज महिला उत्तर प्रदेश मेरठ के तत्वाधान में मेरठ जिलाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल के नेतृत्व में फादर्स डे पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने केक और कार्ड बनाकर अपने पिता के प्रति प्रेम और सम्मान का प्रदर्शन किया बच्चों ने अपने पिता को अपनी ताकत और अपनी हिम्मत बताया प्रत्येक बच्चे की नजर में उसके पापा सुपरमैन होते हैं बच्चों ने अपने पापा जैसा बनने और पापा के सपनों को साकार करने के लिए प्रण लिया।



**बागपत-व्यापारी अमित जैन को फादर्स डे पर गिफ्ट देती उनकी पुत्री नेहल जैन।**

## अपनाओ योग बनो निरोग-

योग से शरीर बने बलवान,
कहते हैं सब वैदिक पुराण।
ऋषियो मुनियों ने अपनाया,
स्वस्थ चिरंजीवी जीवन पाया।।

अपनाये ऋषि-मुनियों का अष्टांग सिद्धांत,
ध्यान,धारणा,प्रत्याहार,प्राणायाम, यम,नियम,आसन,समाधि,
दूर होगी शरीर की समस्त व्याधि।।

प्रात:काल उठ करे सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम,भ्रामरी प्राणायाम।
मिले प्राणवायु,होता फेफड़ों को लाभ,
मिटे मोटापा,मधुमेह,अमल-पित्त का श्राप

गोमुखासन,गोरक्षासन अपनाएं,
रक्त संचार स्वस्थ हो जाए।
शंखासन,स्वर्गासन कर,
गुर्दे,अमाशय,पित्त रोग दूर भगाऐ।।

मानव जीवन का करो सदुपयोग,
दैनिक जीवन में अपनाओ योग।
रहेगी स्फूर्ति,होगा तन,मन चंचल,
बनेगा शरीर बलवान और निरोग।।



**अमित गोयल**
(सहायक अध्यापक)
प्राथमिक विद्यालय निवाड़ा
बागपत उत्तर प्रदेश



**मेरठ। आज फादर्स डे पर सयुक्त व्यापार संघ मेरठ के मंत्री संजीव जिंदल ,बेटा अर्पित जिंदल, बेटी अर्शिता जिंदल,यशिका जिंदल के साथ केक काटते हुये।**

# रक्तदान शिविर का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आई ड्रीम टू ट्रस्ट की ओर से ग्राम मालीपुर हस्तिनापुर, मेरठ में थैलेसीमिया पीड़ितो के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक लाला लाजपत राय मेडिकल कश्वलेज, मेरठ के सहयोग से लगाया गया। थैलेसीमिया एक लाईलाज रक्त विकार है जिसमें मरीजों को हर 15 -20 दिनों में रक्त चढ़वाना पड़ता है, अगर समय पे रक्त ना चढ़े तो मरीजों की जान जा सकती है। शिविर में मुख्य अथिति के रूप में अर्जुन काली जिला संयोजक भाजपा उपस्थित रहे, उन्होंने रक्तदान भी किया, साथ ही युवाओं में रक्तदान को लेकर काफी उत्साह दिखा और युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में संदीप कुमार, गौरव सिंधु, देवेंद्र चौधरी, अंकुश, आकाश, दिव्यांश कुहाड़, आदित्य, देवेश, विशाल, दीपक व गांव और क्षेत्र के सभी लोगो का अहम योगदान रहा। एनजीओ संस्थापक राजन चौधरी ने सभी रक्तवीरो का आभार प्रकट किया।

# लालकुर्ती पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों किये गिरफ्तार





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** लालकुर्ती पुलिस ने शनिवार रात को हजारी के प्याऊ के पास कुछ लोगों को चेकिंग के लिए रोका तो भागने लगे। एक फरार हो गया, जबकि दो युवकों को बाइक के साथ दबोच लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि बाइक चोरी की है। आरोपियों की पहचान वसीम पुत्र इस्माईल निवासी भूसा मंडी सदर बाजार और विकास पुत्र रामानंद निवासी पत्ता मोहल्ला सदर बाजार के रूप में हुई। दोनों वाहनों को चुराने के बाद सोतीगंज और जली कोठी में कटान करते हैं। पुलिस इन वाहन चोरों के साथ काम करने वाले बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर लालकुर्ती राकेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

# श्याम सिंह यादव अध्यक्ष, जीएस सिंह महासचिव चुने गए




**मेरठ दर्पण-लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य राइफल संघ के चुनाव में एक बार पुन: जौनपुर के सांसद श्याम सिंह यादव को अध्यक्ष पद पर चुना गया है। हालांकि विगत कई चुनाव से यादव प्रदेश अध्यक्ष पद पर चुने जा रहे हैं। अध्यक्ष चुने जाने के पश्चात सांसद श्याम सिंह यादव ने राइफल संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि हम शूटिंग खेल के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं और आगे भी प्रयास करेंगे कि इस खेल को और भी जमीनी स्तर पर ले जाकर बढ़ाया जा सके। यादव ने कहा कि पिछले कई सालों में शूटिंग खेल ने काफी तरक्की किया है ओलम्पिक स्तर के निशाने बाज निकल कर आ रहे है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश राइफल संघ खेल के साथ साथ और भी सामाजिक कार्यो में अपनी सहभागिता कर सकता है। इस दौरान 2021-2024 के लिये कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें महासचिव पद पर जी एस सिंह,कोषाध्यक्ष पद पर शिवेंद्र मोहन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश मधोक,उपाध्यक्ष पद पर महिपाल सिंह यादव,डश्व अशोक रैना,रामेंद्र कुमार शर्मा,आसिफ। संयुक्त सचिव प्रशासन सत्येंद्र कुमार। संयुक्त सचिव पद पर अरुण सिंह,रोमी शिव,मनोज शर्मा,रोहित जैन। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रभाकर गुप्ता,सत्येंद्र कुमार चौहान,जयप्रकाश सिंह,प्रमोद कुमार,अजय कुमार,दलजीत सिंह,अनीश सिंह,विशाल सिंह को चुना गया।




# डा. मुक्ति भटनागर को नम आंखों से दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सुभारती ग्रुप की संस्थापिका डा. मुक्ति भटनागर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित मांगल्या प्रेक्षागृह में सुभारती परिवार की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सभा का आरम्भ संघमाता डा. मुक्ति भटनागर के चित्र के समक्ष सुभारती परिवार के मुखिया डा. अतुल कृष्ण बौद्ध के नेतृत्व में परिवार के सदस्य डा.शल्या राज, डा. रोहित रविन्द्र, डा. कृष्णा मूर्ति, डा.आकांक्षा, अवनि, राहुल एवं डा.हिरो हितो ने दीप प्रज्जवलन करते हुए पुष्पांजलि के साथ किया। इस दौरान भिक्षु संघ ने बौद्ध विद्वान डा. चन्द्रकीर्ति के साथ मंगलाचरण वंदना प्रस्तुत की। डा. अतुल कृष्ण बौद्ध ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी अतिथियों का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने द्वारा लिखित भाव को उद्घोषक विवेक संस्कृति के माध्यम से सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने संघमाता डा. मुक्ति भटनागर के द्वारा चिकित्सा, शिक्षा, समाज सेवा सहित बौद्ध दर्शन के प्रचार प्रसार हेतु किये गये उत्कर्ष्ट कार्यो की गाथा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वह डा. मुक्ति के आदर्शो को ग्रहण करते हुए अपने मन को शान्त रखकर शीलों का पालन करने के साथ अपने कष्टों को भूलकर समाज में अन्य लोगो के कष्टों का निवारण करने के लिये तत्पर है। उन्होंने कहा कि संघमाता डा. मुक्ति भटनागर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देने की दिशा में सुभारती परिवार ने डा. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन'' की स्थापना की है। इस फाउंडेशन के माध्यम से विश्वभर में संघमाता द्वारा विचारित योजनाओं को मानव कल्याण की दिशा में लक्ष्य तक पहुंचाया जाएंगा। उन्होंने कहा कि संघमाता के परिनिर्वाण के बाद भले ही वो मूर्त रूप से हम सबके बीच नही है लेकिन उनके विचार व भावनाएं हम सबके साथ हमेशा है और इन्हीं के माध्यम से सुभारती को उन्नत करते हुए भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया जाएगा। उन्होंने अंत में कहा कि दुख की इस कठिन घड़ी में जिस प्रकार सुभारती परिवार सहित समाज के हर वर्ग के लोगो ने उन्हें सांत्वना देते हुए मानसिक साहस दिया है, इसके लिये वह हृदय से सभी के आभारी है। कार्यक्रम में संघमाता के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। पत्रकारिता संकाय के प्राचार्य डा. नीरज कर्ण सिंह द्वारा संघमाता के जीवन पर लिखित कविता 'मेरी मॉ मुक्ति' सुनाकर उन्होंने सभी को भाव विभोर कर दिया। इसके अलावा वियतनाम बौद्ध संघ के प्रथम संघ राजा थिक ट्री कुआंग, वियतनाम बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डा. थिक ना थू, विश्व बौद्ध महासंघ के अध्यक्ष डा. पौन चाय पिनया पौ, परम पावन ताई सितुपा रिनपोचे, परम पूज्य डा. धम्मापिया, परम पूज्य अनिरूद्ध श्रीलंका, पूज्य आचार्य किनले गयाल से भूटान, म्यांमार के राजदूत डा. मियो औंग, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित, सहित देश विदेश की सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक संस्थाओं सहित व्यक्ति विशेषों ने भाव प्रकट करते हुए संघमाता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा विधायक संगीत सोम बोले, मुजफ्फरनगर दंगा अखिलेश की देन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** अक्सर अपने बयानों को लेकर विवाद में रहने वाले भाजपा से सरधना सीट के विधायक संगीत सोम ने फिर से एक विवादित बयान देकर प्रदेश की राजनीति में 2022 के चुनाव से पहले एक बार फिर भूचाल ला दिया है। उन्होंने आज सरधना में एक कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री डश्व. संजीव बालियान के सामने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कारण ही मुजफ्फरनगर दंगा हुआ। उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार में ही हिंदुओं-मुसलमानों को कटवाया गया। अगर अखिलेश सरकार समय पर कड़ा एक्शन ले लेती तो मुजफ्फरनगर दंगा नहीं होता। भाजपा विधायक यहीं नहीं रूके उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि अगर दो युवाओं की मौत नहीं होती तो मुजफ्फरनगर दंगा नहीं होता। भाजपा विधायक संगीत सोम ने कहा "अगर वो और संजीव बालियान नहीं होते तो मुजफ्फरनगर को बचाने वाला कोई नहीं था। हमने मुजफ्फरनगर बचाया तो अखिलेश सरकार ने हमें और संजीव बालियान पर संगीन मुकदमें दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी कर ली। सरधना में सड़कों का लोकार्पण बरने आए केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान ने कहा कि विपक्ष और सपा नेता इस समय ट्विटर ट्विटर खेल रहे हैं। भाजपा के सात विधायक मरे, क्योंकि वो लोगों के बीच गए। आपके लोग जब बाहर ही नहीं निकले तो उसे बीमारी होती कैसे?

# ''तन-मन का वरदान योग'' विषय पर हुई आनलाइन चर्चा



**मेरठ दर्पण-बागपत।** जनता वैदिक कॉलेज बडौत बागपत की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सातवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व उपलक्ष्य में "तन-मन का वरदान योग "विषय पर आनलाइन परिचर्चा की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय निदेशक ,उच्च शिक्षा मेरठ ने कहा कि ज्ञान ,कर्म,भक्ति आदि आठ नियमों का पालन करें व दिन के 24 घंटों में से एक घंटा देह को, एक घंटा देश को दान करें । योग से जीवन कौशल आता है।आमंत्रित वक्ता डा मूर्ति मलिक ,एसोसिएट प्रोफेसर,भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां, सोनीपत ने कहा कि जीवन रूपी मन्दिर में योग का विशेष महत्व है ।योग हमें समभाव से रहना सिखाता है ।अष्टांग योग के नियम बताते हुए कहा कि चिन्ता न करें ,चिन्तन -मनन करें ।अतरू आप योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाकर विभिन्न रोगों से बच सकते है। कार्यक्रम की अध यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर सतीश चन्द शर्मा द्वारा की गई। प्राचार्य ने सभी सम्मानित मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथियों , आमंत्रित वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योग द्वारा मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है ।योग जीवन को आशावान -सकारात्मक ष्टिकोण प्रदान करता है ।कार्यक्रम का संचालन डा गीता रानी कार्यक्रम संयोजिका द्वारा किया गया ।उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया ही नहीं अपितु मानसिक क्रिया है।योग कला , विज्ञान और साधना है।योग वास्तव में तन मन का वरदान है ।"योग के साथ रहें ,घर पर रहें "की थीम का अनुपालन करते हुए घर पर ही रहकर नियमित योग करने की अपील की गई ।कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी बागपत डा किरण गर्ग,डा रश्मि निगम,डा नीलम राणा,डा एकता चौहान,डा शिखा कौशिक,डा नमिता जैन ,डा,रघुराज सिंह,डा प्रशान्त यादव,डा अमित पांडे ,डा राकेश आत्रेय आदि का विशेष योगदान रहा।

# हवन कुंड में सभी ने डाली सामूहिक रुप से आहूतियां



**मेरठ दर्पण-बागपत।** भारतीय गौ सेवा सदन पंचवटी मंदिर बड़ौत द्वारा गंगा दशहरे के अवसर पर गौशाला परिसर में एक यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से हवन कुंड में आहुतियां डाली। यज्ञ में गोबर के उपले एवं भिन्न प्रकार की औषधि वृक्षों की समिधा का उपयोग किया गया। इनके प्रयोग से वायुमंडल में अश्वक्सीजन का प्रसार होता है। यज्ञ एक ऐसा महायज्ञ है, जिसके प्रभाव से वायुमंडल में हानिकारक तत्व एवं कीटनाशकों का विनाश होता है। इसके साथ-साथ गंगा दशहरे के अवसर पर गौशाला परिसर में शर्बत का भी वितरण किया गया। यज्ञ के आयोजन में प्रदीप कुमार गुप्ता, सचिन कुमार गुप्ता, मुकेश बंसल, दीपक गुप्ता, कुंदन शर्मा, आकाश गोयल, अरविंद गर्ग, सत्यपाल राठी, हर्ष अग्रवाल, अनुज जैन, विजय चौधरी, यश गोयल, राहुल जैन, मनोज गोयल, राजीव गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# इस बार कोरोना गाइडलाइंस के साथ मनेगा योग दिवस

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे ने बताया कि वर्तमान में देश में उत्पन्न महामारी की विषम परिस्थितियों के ष्टिगत कल होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2021 के आयोजन को सोशल डिस्टेंसिंग और भारत सरकार द्वारा निर्गत गाइड लाइन के अनुसार आयोजित किया जायेगा। वर्ष 2015 के उपरान्त संयुक्त राष्ट्र संघ ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 21 जून को योग दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया। इस दिन को पूरे विश्व में बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कोविड–19 के कारण उत्पन्न परिस्थिति में जन समूह के एकत्र होने की सलाह नहीं दी जा रही हैं, ऐसी परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने लोगों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने आवास पर ही योगाभ्यास किये जाने की सलाह दी है। ऐसी स्थिति में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने सोशल और डिजिटल मीडिया जैसे यूटयूब, फेसबुक, ट्विटर, इन्स्टाग्राम आदि के माध्यम से योगाभ्यास को बढावा देने की योजना बनायी है जिससे लोग ऑनलाइन प्रतिभाग कर सकें। इस हेतु का संदेश यथासम्भव अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्रसारित किया जा सकता है। उन्होने बताया कि राज्य सरकार के अध ीन विभिन्न विभाग, मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों से अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को शेयर, ट्विट करने, लाईक आदि के माध्यम से मनाये जाने पर विचार करने का तथा राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभागों, कार्यालयों, स्वतंत्र निकायों, शैक्षणिक संस्थाओं व अन्य प्रतिभागी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग करने और परिवार के सदस्यों के साथ अपने घर पर ही जीवन के अभिन्न अंग के रूप में योगाभ्यास करने का सुझाव दिया गया है। इस सत्र हेतु परिवार के साथ योग मनाये जाने पर संगठनात्मक लक्ष्य के रूप में विचार किया जा सकता है। कॉमन योगा प्रोटोकॉल का प्रारूप ई–बुक और विडियों के माध्यम से वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होने बताया कि सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा योगाभ्यास को अपने जीवन का अभिन्न अंग एवं मूल मंत्र मानते हुए इस परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए 21 जून को प्रातः 07 बजे योगाभ्यास हेतु निम्नवत आह्वान किया गया है:– कॉमन योगा प्रोटोकाल का सम्पूर्ण प्रदर्शन पिछले वर्ष



की भाँति इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों का अपने घर पर ही रहकर इसमें प्रतिभाग करना मुख्य आकर्षण होगा। दिनांक 21.06.2021 को प्रातः 07:00 बजे सभी लोगों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ 45 मिनट तक कॉमन योगा प्रोटोकाल ड्रिल करते हुए हजारों अन्य लोगों के साथ जुडेंगे। कॉमन योगा प्रोटोकाल एक योग प्रोटोकाल है जो अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु योगा एक्सपर्ट के माध्यम से तैयार किया गया है। विगत कुछ वर्षो से योग कार्यक्रम पूरे विश्व में बहुत ही लोकप्रिय हुआ है। आयुष मंत्रालय व अन्य प्रतिभागी संस्थाओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घर पर माने जाने हेतु योग और ''कॉमन योगा प्रोटोकाल'' प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। आयुष मंत्रालय की सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अय प्रतिभागी चौनलों पर प्रतिदिन इस कार्यक्रम का ऑनलाइन सत्र चलाया जायेगा जिसका विस्तृत अवलोकन मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल पर किया जा सकता हैं आगामी दिवसों में बहुत से प्रतिष्ठित योग संस्थानों द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम कॉमन योगा प्रोटोकाल के अन्तर्गत आयोजित किए जायेगे। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2021 के आयोजन हेतु लोगों और उनके परिवार को इस कार्यक्रम से जोडने हेतु तैयार करने के लिए उक्त संसाधनों का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है। वर्तमान में कोविड–19 महामारी व सोशल डिस्टेंसिंग की अपरिहार्यता के ष्टिगत प्रदेश में विगत वर्ष की भांति सामूहिक रूप से विभिन्न खुले स्थानों, पार्कों, शैक्षणिक संस्थाओं आदि में विशाल जनसमूह के साथ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग कार्यक्रम आयोजित किया जाना व्यवहारिक रूप से सम्भव नहीं है, ऐसी स्थिति में आम जन को अपने घर पर ही रहकर अपने परिवार के सदस्यों के साथ ''कॉमन योगा प्रोटोकाल'' के अनुसार योगाभ्यास किया जाना श्रेयस्कर होगा। सप्तम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एव निदेशक, आयुर्वेद सेवायें द्वारा दिए गए सुझाव के आधार पर कार्य योजना निम्नवत है: विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में कॉमन योगा प्रोटोकॉल द्धब्ल्चद्ध का व्यापक प्रदर्शन, आयोजन के केन्द्र में रहेगा जो प्रतिभागियों के घरों में गैर सामूहिक तरीके से किया जायेगा। घर पर 21 जून 2021 को प्रातः 7:00 बजे से 45 मिनट लम्बी ''कॉमन योगा प्रोटोकाल'' ड्रिल करके आप और आपका परिवार हजारों अन्य लोगों से जुड सकते है।

# झांसा देकर महिला से दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाया

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मदद करने का झांसा देकर एक व्यक्ति ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने पीड़िता की अश्लील वीडियो बना ली और उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि वह अपने ससुराल पक्ष से प्रताडित थी। बीते साल वह एसएसपी कार्यालय पर अपनी शिकायत लेकर पहुंची थी। यहां पर उसकी मुलाकात संजय कटारिया निवासी बेलड़ा थाना भोपा से हुई। आरोप है कि संजय ने उसकी मदद करने के बहाने उसका मोबाइल नम्बर ले लिया और उसे फोन करने लगा। इसी बीच वह उसे अपने साथ शुकतीर्थ ले गया। आरोप है कि आरोपित ने प्रसाद में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। कूकडा स्थित कमरे पर ले गया। आरोपित ने उसके साथ नशे की हालत में दुराचार किया और




उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी वीडियो के जरिये उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि आरोपित ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ष्णापुरी में मकान में किराए पर ले रखा है। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने उसे कई बार ष्णापुरी स्थित मकान में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने संजय कटारिया, उसकी पत्नी रेशमा, रूपराम, संदीप और नीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरोपित संजय का एक अश्लील वीडियो वायरल हो चुका है।

# भाजपा कोविड टीकाकरण के लिए चलाएगी विशेष अभियान

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कोरोना टीकाकरण अभियान के संबंध में संगठन द्वारा ली गई बैठक में प्रतिभाग किया। कोरोना की संभावित तीसरी लहर के आने से पहले ही सभी को कोरोना का टीका लगाया जाना सुनिश्चित करने के लिए वैक्सीनेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। कोरोना टीकाकरण के संबंध में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने वीडियो कश्र्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सांसदों, विधायकों, आयोग–निगम के चेयरमैन, पदाधिकारियों की बैठक ली। मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव ने वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि भाजपा 21 जून से विशेष टीकाकरण अभियान चलायेगी जिसमें बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता वैक्सीनेशन कराने के लिए



ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करने का बोझ अपने कंधों पर उठायेंगे। संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को 'मेरा बूथ, वैक्सीनेशन युक्त' के संकल्प को लेकर टीकाकरण अभियान को आगे बढाना है ताकि 18 वर्ष से ऊपर का एक भी व्यक्ति वैक्सीन लगवाये बिना छूट ना जाये। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से सभी को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है जिसका सभी पात्र नागरिकों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने टीके के साथ–साथ कोरोना गाईडलाईन का भी शत् प्रतिशत् अनुपालन करने की अपील की। जानकारी देते हुए कपिल देव ने बताया कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि से जयंती तक 23 जून से 06 जुलाई तक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण एवं प्र ति का संरक्षण एवं विकास करना है।

# स मनप्रीत मान को 145 ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** समर्पित युवा समिति के रक्तदान शिविर में 145 लोगों ने रक्तदान किया। समर्पित युवा समिति के दिवंगत सदस्य स्वर्गीय सरदार मनप्रीत सिंह मान की द्वितीय पुण्यतिथि पर संस्था द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन गाँधी वाटिका गांधी कश्र्लोनी में किया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। क्या खास क्या आम सभी लोग रक्तदान के लिए उमड़ पड़े। आम लोगों के साथ–साथ समाजसेवियों, व नेताओं ने भी रक्तदान कर सेवा की नई मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही कि आज के रक्तदान शिविर में प्रथम बार रक्तदान करने वाले लोगों की संख्या 38 थी। इसके अलावा महिलाओं ने भी बढ़–चढ़कर रक्तदान किया सर्वप्रथम स्वर्गीय सरदार मनप्रीत सिंह मान की तस्वीर पर उनके भाई द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि द्वारा कार्यक्रम को आरंभ किया गया। तत्पश्चात 2 मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद रक्त वीरों का जो ताता लगा वह दोपहर 2:30 बजे तक अविरल चलता रहा। समर्पित युवा समिति




द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को सर्टिफिकेट मास्क व रिफ्रेशमेंट दिया गया एवं संगठन के सदस्य एम के भाटिया द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को सैनिटाइजर भेंट किया गया इस अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णतया पालन किया गया शिविर परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्कैनिंग वह सैनिटाइजेशन के बाद ही शिविर स्थल तक आने की इजाजत थी। रक्तदान करने वालों में 18 वर्ष से 62 वर्ष तक के रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला,राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार सुदर्शन सिंह बेदी गाँधी कालोनी सोसायटी के अध्यक्ष पवन छाबड़ा आदि रहे। समर्पित युवा के रक्त संयोजक हितेश आनंद ने बताया कि स्वर्गीय मनप्रीत सिंह मान ने रक्तदान के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया था अतः उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए रक्तदान शिविर से बेहतर माध्यम नहीं था। शिविर को सफल बनाने में सौरव मित्तल अजय अनेजा कार्तिक कपिल गौरव नारंग अक्षत जिंदल,शिवम चौहान यश अनेजा अगम बंसल तरुण अरोरा आदि का योगदान रहा।

# खादर क्षेत्र में बढ़ा जल स्तर, प्रशासनिक अधिकारियों के दौरे शुरू



ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक हो रही बारिश से खादर क्षेत्र लगातार जलमग्न है स जिले के कई गांव पूरी तरीके से जलमग्न हो गए स बैराज के आसपास के एरिया को बाढ़ की आशंका के चलते खाली करा दिया गया स पुरकाजी खादर क्षेत्र के कई गांव में जबरदस्त पानी की बाढ़ है स शुक्रताल और रामराज के खादर के क्षेत्रों में भी कई गांव में जबरदस्त पानी भर गया है स किसानों की फसलें बह गई है एक एरिया से दूसरे एरिया में जाने के लिए जनसंपर्क मार्ग भी पानी में डूब गए हैं स जानसठ तहसील के रामराज क्षेत्र के गांव चौहापुर सहित कई गांव भी पूरी तरीके से जलमग्न है। आलोक कुमार एडीएम द्धएफऋ नें एसडीएम जानसठ जयेन्द्र कुमार व राजस्व टीम के साथ मिलकर जानसठ तहसील क्षेत्र के बैराज व तटबंध का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि गंगा का जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन लगातार कड़ी निगाह जमाए हुए हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेड़ा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।